GEOGRAPHY (OPTIONAL) — PAPER I

UPSC Civil Services (Main) Examination, 2024

भूगोल (वैकल्पिक) — प्रश्न पत्र I

Time allowed: Three hours **Maximum marks: 250**

The questions of this paper in English and Hindi, grouped by marks (the printed paper numbers them Q1 to Q8; candidates answer five, with Q1 and Q5 compulsory). Read them with model answers and notes at swaadhigam.com/pyq/optional/geography/paper-1/2024.

10-MARK QUESTIONS

10 questions

1. With suitable examples explain the factors causing sea level changes. **10**
उपयुक्त उदाहरणों सहित समुद्र-स्तर में परिवर्तन लाने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए

2. Formation of temperate cyclone depends on the condition of axis of dilation. Elucidate. **10**
शीतोष्ण चक्रवात का निर्माण फैलाव अक्ष की स्थिति पर निर्भर करता है। स्पष्ट कीजिए

3. What are 'truncated spurs'? Where and how are they formed? **10**
'रुंडित पर्वत-स्कन्ध' क्या होते हैं? ये कहाँ और कैसे बनते हैं ?

4. There is a need for gender-sensitive regional development. Elaborate. **10**
लिंग-संवेदनशील प्रादेशिक विकास की आवश्यकता है। विस्तार से समझाइए।

5. Central Business Districts (CBDs) are in decline as the economic core of metropolitan cities. Critically examine. **10**
महानगरों के आर्थिक मूल के रूप में केन्द्रीय व्यापार क्षेत्र (सी.बी.डी.) पतन में हैं। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

6. Explain the theoretical framework and stages of economic growth proposed by Rostow's model. **10**
रोस्टोव मॉडल द्वारा प्रस्तावित आर्थिक वृद्धि के सैद्धांतिक ढाँचे एवं चरणों की व्याख्या कीजिए।

7. Mountain regions are more fragile to ecological changes. Elucidate. **10**
पर्वतीय क्षेत्र पारिस्थितिकी परिवर्तनों के प्रति अधिक भंगुर हैं। स्पष्ट कीजिए।

8. While scarcity of water resources are felt locally, but its causes are increasingly global. Comment. **10**
"हालाँकि जल संसाधनों की कमी स्थानीय स्तर पर महसूस होती है, परन्तु इसके कारण तेज़ी से वैश्विक होते जा रहे हैं।" टिप्पणी कीजिए।

9. Examine the impacts of social forestry in socio-economic transformation of rural areas. **10**
ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में सामाजिक वानिकी के प्रभावों का परीक्षण कीजिए

10. Critically examine the significance of Behavioural Approach in the development of human geography. **10**
मानव भूगोल में विकास के सन्दर्भ में व्यवहारपरक उपागम के महत्त्व का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

15-MARK QUESTIONS

12 questions

11. Explain the Heartland theory with reference to contemporary geopolitical scenario of the world. **15**

विश्व के समकालीन भू-राजनीतिक परिदृश्य के संदर्भ में हृदय-स्थल (हॉर्टलैण्ड) सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।

12. With suitable sketches elaborate the bottom topography of the Indian Ocean. **15**

हिन्द महासागर की तलीय स्थलाकृति को उपयुक्त रेखाचित्रों द्वारा विस्तार से समझाइए

13. What is a Yazoo stream? Why are Yazoo basins the areas of repeated flooding? Give examples of Yazoo stream/areas from various parts of the world. **15**

याज़ू धारा किसे कहते हैं? याज़ू द्रोणी बार-बार बाढ़ के क्षेत्र क्यों हैं? विश्व के विभिन्न भागों से याज़ू धारा/क्षेत्रों के उदाहरण दीजिए।

14. The latitudinal gradient in species richness is an important geographic trend in biodiversity. Examine the statement. **15**

"प्रजातियों की समृद्धि में अक्षांशीय प्रवणता, जैव-विविधता में एक महत्त्वपूर्ण भौगोलिक प्रवृत्ति है।" कथन का परीक्षण कीजिए।

15. Describe latitudinal distribution of Köppen's classification of world climate. **15**

विश्व जलवायु के कोपेन के वर्गीकरण के अक्षांशीय वितरण का वर्णन कीजिए

16. Perception, Attitude, Value and Emotion (PAVE) are important components for biodiversity and sustainable environmental conservation. Elaborate. **15**

अनुभूति, अभिवृत्ति, महत्त्व एवं भावना (पी.ए.वी.ई.), जैव-विविधता एवं सतत पर्यावरणीय संरक्षण के महत्त्वपूर्ण अवयव हैं। विस्तार से समझाइए ।

17. Soil erosion is creeping death. Explaining the statement, suggest various soil conservation measures. **15**

"मृदा अपरदन रेंगती हुई मौत है।" कथन की व्याख्या करते हुए, मृदा संरक्षण के विभिन्न उपायों को सुझाइए।

18. Explain how the physical view of geographical space has impacted the forms of spatial analysis. **15**

स्पष्ट कीजिए कि भौगोलिक स्थान के भौतिक दृश्य ने किस प्रकार से स्थानिक विश्लेषण के प्रारूपों को प्रभावित किया है।

19. Small number of mega cities are playing key role in organisation of economics and culture. Explain. **15**

वैश्विक आर्थिक तंत्र एवं संस्कृति के संगठन में कुछ विशाल (मेगा) शहर प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। व्याख्या कीजिए।

20. Present a critical account of Alfred Weber Theory of industrial location. **15**

ऐल्फ्रेड वेबर के औद्योगिक अवस्थिति के सिद्धान्त का समालोचनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए।

21. Boundaries are important in geopolitics. Explain. What issues develop from the inclusionary and exclusionary aspects of borders? **15**

भूराजनीति में सीमायें महत्त्वपूर्ण हैं, व्याख्या कीजिए। सीमाओं के समावेशी एवं अपवर्जी पहलू से क्या मुद्दे विकसित होते हैं?

22. Aging population has adverse social and economic consequences. Explain with examples. **15**

वृद्ध होती आबादी के प्रतिकूल सामाजिक एवं आर्थिक परिणाम होते हैं। उदाहरणों के साथ व्याख्या कीजिए।

20-MARK QUESTIONS

6 questions

23. Examine the recent views on mountain building process and divide the world mountains on the basis of their genesis. **20**

पर्वत निर्माणकारी प्रक्रिया के नवीनतम दृष्टिकोणों का परीक्षण कीजिए तथा विश्व के पर्वतों को उनकी उत्पत्ति के आधार पर विभाजित कीजिए।

24. Explain air masses and associated weather dynamics. How do air masses influence the weather conditions of the Northern Hemisphere? **20**

वायु संहतियाँ (राशियाँ) एवं संबंधित मौसम गतिकी की व्याख्या कीजिए। वायु संहतियाँ (राशियाँ) किस प्रकार उत्तरी गोलार्ध के मौसम हालात को प्रभावित करती हैं ?

25. The urbanisation process is particularly pronounced in Asia and Africa, where too many urban residents grapple with extreme poverty, exclusion, vulnerability and marginalisation. Discuss. **20**

शहरीकरण की प्रक्रिया विशेष रूप से एशिया एवं अफ्रीका में स्पष्ट है, जहाँ बहुतायत में शहरी निवासी अत्यधिक ग़रीबी, बहिष्कार, अतिसंवेदनशीलता एवं हाशिए पर रहने से जूझ रहे हैं। चर्चा कीजिए।

26. How is carbon neutrality essential for future environmental conservation? Describe various efforts taken by nations in this regard. **20**

भविष्य में पर्यावरणीय संरक्षण के लिए कार्बन तटस्थता कैसे आवश्यक है? इसके संबंध में राष्ट्रों द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों का वर्णन कीजिए।

27. Suggest criteria, indicators and techniques for delimitation of formal regions. **20**

औपचारिक प्रदेशों के सीमांकन के मानकों, सूचकों तथा तकनीकों को सुझाएं।

28. Why is radicalism seen as a major paradigm shift in geography? Explain its causes, approaches and criticism. **20**

भूगोल में प्रमुख प्रतिमान बदलाव के रूप में अतिवाद को क्यों देखा जाता है? इसके कारणों, उपागमों तथा आलोचनाओं की व्याख्या कीजिए।